Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need for judicial enquiry of the mills.

श्री अरविंद सावंत: महोदया, मेरी माँग दूसरी है। मैं आगे बढ़कर बोलता हूँ। ये होटल बड़े लोगों के हैं, ये छोटे लोगों के नहीं हैं, इनके भी दोस्त लोग वहाँ हैं, हमारे भी हो सकते हैं, कुछ पता नहीं है। मैं इस हादसे पर दुखी हूँ। मैं माँग करता हूँ कि इस हादसे की न्यायिक जाँच होनी चाहिए। वह होटल किसी कमिश्नर के बेटे का है। बाद में कोई अधिकारी उसकी जाँच करेगा और एक-दूसरे को बचा लेंगे। मैं ऐसा नहीं चाहता हूँ। इस बार इसकी जड़ पर जाना चाहिए। सारी मिलों के अंदर, रेजीडेंशियल हों या कामर्शियल काम्प्लेक्स हों, उनकी पूरी जाँच होनी चाहिए, खासकर के इस दुर्घटना की जाँच होनी चाहिए। जिन परिवारों के लोग इस हादसे में गुजरे हैं, मैं उनके प्रति दुख प्रकट करता हूँ। मैं इस हादसे में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मैं दोबारा माँग करता हूँ कि इस हादसे की न्यायिक जाँच की जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री गोपाल शेट्टी, श्री अजय मिश्रा टेनी, श्री शरद त्रिपाठी, श्री राहुल शेवाले, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्रीमती भावना गवली (पाटील) को श्री अरविंद सावंत द्वारा उठाए गए विाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।